पत्र संख्या-आई0टी0-बी0एस0एन0एल0कनेक्टिविटी-मानीटरिंग/(2013-14)/ 927 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर उ0प्र0 लखनऊ

आई0टी0 अनुभाग

लखनऊ :: दिनांक :: 05, दिसम्बर, 2013

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर

वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

आप अवगत हैं कि प्रदेश के सभी वाणिज्य कर कार्यालयों को बी0एस0एन0एल0 के MPLS-VPN के माध्यम से मुख्यालय के सेन्ट्रल सर्वर से जोड़ा गया है । इस सम्बन्ध में बी0एस0एन0एल0 द्वारा उपलब्ध करायी जा रही कनेक्टिविटी के निर्बाध गति से एवं सुचारु रुप से संचालन के अनुश्रवण एवं कनेक्टिविटी में आई खराबी के त्वरित निस्तारण हेतु एन0आई0सी0 के माध्यम से Network Complaint Monitoring System साफ्टवेयर का निर्माण किया गया है जो विभागीय वैबसाइट comtax.up.nic.in के Department Services Section में Network Complaint Monitoring System के Link पर उपलब्ध है।

वाणिज्य कर कार्यालयों की विभिन्न लोकेशन पर कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में आई किसी भी समस्या को इस साफ्टवेयर के माध्यम से लोकेशन के व्यास माड्यूल के लोकेशन एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा दर्ज कराया जायेगा जिसके उपरान्त उन्हे System generated Complaint No. उपलब्ध हो जायेगा । दर्ज की गई समस्याओं / शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण BSNL/TRIMAX द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा जिसकी प्रास्थिति (Pending/Resolved) को सम्बन्धित लोकेशन द्वारा ही सत्यापित कर उक्त साफ्टवेयर में दर्ज किया जायेगा।

इस नेटवर्क कम्प्लेन्ट माड्यूल पर लॉगिन करने के लिए Default Password 1234 है जिसे प्रथम बार लॉगिन कर यूजर द्वारा चेन्ज किया जाना आवश्यक है। इस साफ्टवेयर में कम्प्लेन्ट दर्ज करते समय दर्ज करने वाले अधिकारी का नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होगा। अतः आप यह सुनिश्चत करलें कि BSNL-VPN WAN की प्रत्येक समस्या की इन्ट्री उपरोक्त साफ्टवेयर में दिनांक 16.12.2013 से सुनिश्चत करें।

उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार नेटवर्किंग की समस्याओं को On line दर्ज करना सुनिश्चित करें जिससे नेटवर्क क्रियाशीलता का प्रभावी अनुश्रवण किया जा सके। माड्यूल पर किस प्रकार कार्य किया जायेगा से संबंधित मार्गदर्शक बिन्दु इस पत्र के साथ संलग्न हैं। उक्त निर्देश कमिश्नर, वाणिज्य कर, महोदय के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नकः-यथोपरि।

5/12/13

( सेल्वा कुमारी जे0 )

एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश।

पृष्ठॉकन पत्र संख्या व दिनॉक उक्त।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1-समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

2-संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर, प्रशिक्षण संस्थान गोमती नगर लखनऊ।

3-श्री आशेष अग्रवाल, वरिष्ठ, तकनीकी निदेशक एन0आई0सी0 9 सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ।

4-श्री संदीप अब्नाश, पी0एस0ए0 NIC लखनऊ।

5-श्री प्रमोद त्रिपाठी, जोनल मैनेजर ट्राइमैक्स, 409 अंसल सिटी काम्पलैक्स, तुलसी थियेटर के पीछे, लखनऊ।

/12/2013


(शशि भूषण सिंह)

ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर


मुख्यालय, लखनऊ।

**<u>नेटवर्क कम्प्लेन्ट मानीटरिंग सिस्टम माड्यूल पर कार्य किये जाने से संबंधित प्रक्रिया के मार्ग निर्देशक बिन्दु</u>**

**Location Level** से कम्पलेन्टको निम्न प्रकार **Log-in** किया जायेगा। विभागीय वैबसाइट पर जाकर **Network Complaint Monitoring System** के **Link** पर क्लिक किया जायेगा।




उपरोक्त पेज खुलने के उपरान्त सेलेक्ट जोन के कालम में आने पर ड्राप डाउन बाक्स में जोन सेलेक्ट किया जायेगा। सेलेक्ट लोकेशन के ड्राप डाउन बाक्स में अपने संभाग अथवा कार्यालय का सेलेक्शन किया जायेगा तथा पासवर्ड 1234 दर्ज कर लॉगिन किया जायेगा। इसके उपरान्त निम्न स्क्रीन खुलेगी :-




Menu Screen में 3 आप्शन निम्न प्रकार होगे:-


1- New Complaint

2- Update/View Complaint Status

3- Change Password

1- **New Complaint**


New Complaint पर क्लिक करने पर निम्न स्क्रीन खुलेगी:-




इस स्क्रीन में Date, Time, Zone, Location व Address का विवरण स्वत: ही अंकित हो जायेगा। Name of Complainant में कम्प्लेन्ट अंकित कराने वाले का नाम व मोबाइल नम्बर अंकित करने के उपरान्त Complaint Details में कम्प्लेन्ट का विवरण लिखा जायेगा। इसके बाद **Submit** बटन पर क्लिक करने पर Complaint Number generate होकर screen पर अंकित हो जायेगा। उसके बाद मुख्यालय पर ट्राइमैक्स के इन्जीनियर द्वारा कम्प्लेन्ट का निस्तरण किया जायेगा

2- **Update/View Complaint Status**


Update/View Complaint Status क्लिक करने पर निम्न स्क्रीन खुलेगी :-




इस स्क्रीन में लोकेशन द्वारा लाग की गयी कम्प्लेन्ट का स्टेटस अंकित होगा जिसे लोकेशन से भी view किया जा सकता है। दर्ज की गयी कम्प्लेन्ट के सम्बन्ध में मुख्यालय से ट्राइमैक्स के इन्जीनियर द्वारा समस्या का समाधान किया जायेगा।ट्राइमैक्स इन्जीनियर द्वारा दर्ज की गयी समस्या का reason of outage dependency on dept, action taken disposal date सम्बन्धि विवरण भरा जायेगा जो कि उपरोक्त स्क्रीन में लोकेशन से भी देखा जा सकेगा यदि Trimax द्वारा अंकित कार्यवाही से लोकेशन के अधिकारी सहमत है तो कम्पलेन स्टेटस को Edit कर Resolved कर दिया जायेगा अन्यथा समस्या का स्टेटस पेन्डिंग ही रखा जायेगा।

3- **Change Password**


Change Password पर क्लिक करने पर निम्न स्क्रीन खुलेगी :-




मुख्यालय द्वारा प्रत्येक जोन में स्थित सभी कार्यालयों को **1234** पासवर्ड आवटिंत किया गय है। इस स्क्रीन में लोकेशन पर अधिकृत अधिकारी द्वारा Default पासवर्ड 1234 को सुविधानुसार Change किया जा सकता है।

**बी0एस0एन0एल0 / ट्राइमैक्स द्वारा किये जाने वाले कार्य एवं दायित्व**

मुख्यालय के ट्राइमैक्स इन्जीनियर द्वारा Network Complaint Monitoring System की Log-in स्क्रीन पर लॉगिन किया जायेगा।




Log-in करने के पश्चात Menu Page में 6 आप्शन निम्न प्रकार होगे:-




1- New Complaint
2- Update Complaint Status
3- Update Location Master
4- Report
5- View Location
6- Change Password


**1-New Complaint**

New Complaint पर क्लिक करने पर निम्न स्क्रीन खुलेगी जिसमें केवल ट्राइमैक्स के इन्जीनियर द्वारा इस साफटवेयर से प्राप्त शिकायतों के अतिरिक्त अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों / समस्याओं की इन्ट्री की जायेगी:-





उक्त स्क्रीन में समस्त इन्ट्री दर्ज करने के उपरान्त कम्पलेन्ट लॉग की जायेगी जिसके उपरान्त Complaint Number generate होकर screen पर अंकित हो जायेगा ।

**2-Update Complaint Status**





इस स्क्रीन में केवल अन्तिम चार कालमों क्रमश: reason of outage, dependency on dept, action taken, disposal date में ट्राइमैक्स के इन्जीनियर द्वारा कृत कार्यवाही की इन्ट्री की जायेगी।

**3-Update Location Master**




वाणिज्य कर कार्यालय की किसी भी लोकेशन का पता बैण्डविथ आदि परिवर्तित होने की दशा में लोकेशन मास्टर में अपडेशन(संशोधन) उपरोक्त स्क्रीन में ट्राईमैक्स इन्जीनियर द्वारा किया जायेगा।

**4-Report**




इस Option के माध्यम से दर्ज की गयी समस्याओं / शिकायतों के सम्बन्ध में जोनवार व अवधिवार रिपोर्ट जनरेट की जा सकेगी।

मुख्यालय स्तर पर भी उक्त साफटवेयर के माध्यम से दर्ज की गयी समस्याओं का प्रभावी अनुश्रवण / परीक्षण किया जा सकेगा। साफटवेयर के लॉगिन पेज में Adminhq (Login ID) व पासवर्ड 123 इन्टर कर समस्त दर्ज की गयी शिकायतो का विवरण व सम्बन्धित रिपोर्ट भी देखी जा सकती है।

उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार नेटवर्किंग की समस्याओं को On line दर्ज करना सुनिश्चित करें जिससे नेटवर्क क्रियाशीलता का प्रभावी अनुश्रवण किया जा सके।

-----------------------------------------------------------END-----------------------------------------------------------